# प्रेस नोट

## थाना- मोठ, जनपद झाँसी

**दिनांक: 23.08.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही,**
- **चोरी के अभियोग से संबंधित वांछित अन्तर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 22.08.2026 को मु0अ0सं0 145/2026 धारा 126(2), 318(4), 319(2) बीएनएस से संबंधित अन्तर्राज्यीय अपराधी/टप्पेबाज तौहीद अली पुत्र राजू अली, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 15, कस्बा बुढार, थाना बुढार, जिला शहडोल, मध्य प्रदेश को थाना मोंठ पुलिस, स्वाट टीम झाँसी एवं सर्विलांस टीम झाँसी द्वारा संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया गया।

## अपराध करने का तरीका

अभियुक्तगण द्वारा एक या दो टीमों में मोटरसाईकिलों से अपराध करने के उद्देश्य से क्षेत्र में घूम- घूमकर रैकी करना व भोले - भाले / बुजुर्ग महिला / पुरुष को अपने आप को पुलिस ऑफिसर / जीएसटी ऑफिसर / सीबीआई / सीआईडी / ईडी व अन्य विभागो से संबंधित ऑफिसर होने का परिचय देकर उन्हें अपनी जालसाजी में फसाकर चेकिंग के नाम पर या कोई जघन्य घटना हो जाने का हवाला देकर उनसे पैसे या आभूषण आदि अपने हाथ की सफाई करते हुये ले लेते है। भोले – भाले लोग इनकी बातों में आकर इनको तलाशी लेने देते है। और इनके कहने पर इनको अपने पैसे व अन्य कीमती सामान तलाशी लेने के नाम पर दे देते है। अभि0 गण घटना को अन्जाम देते हुये यू0पी0 से एम0पी0 होते हुये और रास्ते में अन्य जगहों पर घटना को अन्जाम देते हुये महाराष्ट्र की तरफ निकल जाते है।

## अभियुक्त का नाम व पता-

1. तौहीद अली पुत्र राजू अली उम्र करीब 24 वर्ष नि0 वार्ड न0 15 कस्बा बुढार थाना बुढार जिला सहडोल म0प्र0

## बरामदगी का विवरण:-

1. एक अदद चैन पीली पीली धातु ( कीमत करीब 60000 रुपये )
2. एक अदद अँगूठी पीली धातु ( कीमत करीब 15000 रुपये )
3. दो अदद मोबाईल फोन ( एक फोन मेट्रोला व एक फोन वीवो )
4. एक अदद मोटरसाइकिल काले रंग की पल्सर नं0 MP18ZE3068 ( घटना में प्रयुक्त)
5. अपराध से संबंधित 328000 रुपये अभि0 के खाते में फ्रीज कराये गये।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह थाना मोंठ जिला झांसी
2. निरी0 श्री विनय दिवाकर प्रभारी स्वाट टीम झांसी
3. उ0नि0 मोहित कुमार प्रभारी सर्विलास सेल झांसी

4. उ0नि0 रजनीकान्त सिंह थाना मोंठ जिला झांसी
5. हे0का0 419 दीप तिवारी थाना मोंठ जिला झांसी
6. हे0का0 रजनीश चौहान सर्विलांस झांसी
7. हे0का0 रवि कुमार स्वाट टीम झांसी
8. हे0का0 सदानन्द स्वाट टीम झांसी
9. का0 337 राहुल थाना मोंठ जिला झांसी
10. का0 हर्षित चौहान स्वाट टीम झांसी
11. का0 सौरभ कुमार सर्विलांस सेल झांसी
12. का0 विजय सिंह स्वाट टीम झांसी